


# अब नहीं चलेंगी कोचिंग संस्थानों की मनमानी
# नियम विरुद्ध संचालन पर सख्त कार्यवाही

### सुरक्षा व्यवस्था जांचने कलेक्टर के निर्देश पर जांच दल गठित



**नवभारत न्यूज**
**पांढुरना,30 जून. जिले में संचालित कोचिंग संस्थानों में अव्यवस्थाओं तथा सुरक्षा को लेकर मिल रही शिकायतो को गंभीरता से लेते हुए छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने संयुक्त जांच दल ( जॉइंट इंस्पेक्शन टीम ) का गठन किया है।**

जो जिले की सभी कोचिंग संस्थानों में आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों की गहन जांच कर रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपेंगी। जिले के पांढुरना एवं सौंसर अनुविभाग के लिए पृथक-पृथक संयुक्त जांच दल गठित किए गए हैं। पांढुर्णा अनुविभाग में अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) श्रीमती अलका एक्का को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### जांच दल इसका करेंगे निरीक्षण

संयुक्त जांच दल को निर्देश दिए गए हैं कि वे कोचिंग संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण कर अग्निशमन एनओसी, फायर एक्सटिंग्विशर, फायर अलार्म एवं स्प्रिंकलर सिस्टम की उपलब्धता, आपातकालीन निकास मार्ग, भवन की वास्तविक क्षमता के अनुरूप विद्यार्थियों की संख्या, वेंटिलेशन व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा तथा अन्य निर्धारित सुरक्षा मानकों का परीक्षण करेंगे।

### निरीक्षण के दौरान अभिभावक भी रहेंगे उपस्थित

निरीक्षण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के लिए प्रत्येक निरीक्षण के दौरान संबंधित कोचिंग संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के कम से कम तीन अभिभावकों की उपस्थिति भी अनिवार्य की गई है, ताकि वे संस्थान की सुरक्षा एवं मूलभूत व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सकें।

### तीन दिनों में जमा करनी होंगी जांच रिपोर्ट

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने निर्देश दिए हैं कि संयुक्त जांच दल तीन दिवस के भीतर जिले के सभी कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

### नियम विरुद्ध पाए जाने पर होंगी कार्यवाही

निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों एवं नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार सीलिंग सहित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## राम शांति स्कूल में विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ विद्या आरंभ संस्कार



**नवभारत न्यूज**
**पांढुरना,30 जून. नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था राम शांति स्कूल में प्री-नर्सरी के नन्हे विद्यार्थियों के लिए मंगलवार 30 जून को विद्या आरंभ संस्कार का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं आध्यात्मिक वातावरण में किया गया।**

यह संस्कार बच्चों के जीवन में शिक्षा, संस्कार और ज्ञान की मंगलमयी शुरुआत का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात गायत्री शक्तिपीठ के कार्यकर्ता मनोहर पंवार एवं उनकी मंडली द्वारा माँ गायत्री, परम पूज्य गुरुदेव एवं परम वंदनीया माताजी के पूजन के उपरांत पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नन्हे विद्यार्थियों का तिलक कर उन्हें अक्षर लेखन कराया गया तथा उनके उज्ज्वल शैक्षणिक जीवन की मंगलकामना की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ सहभागिता की। विद्या आरंभ संस्कार ने सभी को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं शिक्षा के महत्व से जोड़ने का प्रेरणादायी संदेश दिया। यह कार्यक्रम शाला के चेयरमैन सुभाष बुधराजा, चेयरपर्सन श्रीमती सरोज बुधराजा एवं डायरेक्टर शिवम बुधराजा के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर शाला प्राचार्या श्रीमती चारू गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले, समस्त स्टाफ एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित कर आनंदराव को दी विदाई

**पांढुरना,30जून.** म.प्र. वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन, शाखा पांढुरना में पदस्थ कर्मचारी आनन्दराव आवते के अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने के अवसर पर मंगलवार को शाखा कार्यालय में एक सादा किन्तु गरिमामय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से खाद्य आपूर्ति विभाग से डी.एस.ओ. श्रीमती रीता मार्सकोले उपस्थित रहीं। वहीं म.प्र. वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन की ओर से शाखा प्रबंधक श्रीमती मंजुलता चौरे, कम्प्यूटर ऑपरेटर हितेश खापरे, आशीष नागोत्रा एवं ख़ुमानसिंह नागोत्रा दिलीप ठाकुर, नागरिक आपूर्ति विभाग से हिरेंद्र खोबरागड़े की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आन्नदराव आवते के लगभग 31 वर्षों के सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं निगम के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखमय भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

## भाजपा सोशल मीडिया विभाग जिला पांढुर्णा की कार्यकारिणी घोषित

**विशाल वरटे बने पांढुर्णा विधानसभा संयोजक धर्मेंद्र घाघरे बने सौसर विधानसभा संयोजक**

**नवभारत न्यूज़**
**सौसर 30 जून. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी के निर्देशानुसार, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड की अनुशंसा तथा सोशल मीडिया संभाग प्रभारी आदित्य शर्मा की सहमति से भाजपा सोशल मीडिया विभाग जिला पांढुर्णा अंतर्गत पांढुर्णा एवं सौसर विधानसभा की कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा की गई है।**

घोषित कार्यकारिणी में दोनों विधानसभा क्षेत्रों के संयोजक, सह-संयोजक एवं सदस्यों की जिम्मेदारियां निम्नानुसार निर्धारित की गई हैं पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र संयोजक विशाल वरटे ,सह-संयोजक हंसराज कड़वे ,सदस्य शिवम यमदे, अर्जुन बारंगे, महेंद्र भादे, बृजेश दोडके, अनिल आसरे एवं सौसर विधानसभा क्षेत्र संयोजक धर्मेंद्र घाघरे सह-संयोजक पंकज भाकरे सदस्य रूणाल मानकर, सुमित पराड़कर, रितिक पाल, रविन्द्र कंडु, गौरव डोंगरे को बनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोडे ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भाजपा जिला पांढुर्णा सोशल मीडिया विभाग के जिला संयोजक रितेश कामडे ने उक्त कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं

### सांसद श्री साहू आज से पदयात्रा के दौरान रौपेंगे 10 हजार पंचतत्व सीड बॉल

**छिन्दवाड़ा.** जिले सहित प्रदेश में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में नगर निगम एवं स्व सहायता समूह के द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू को 10 हजार पंचतत्व सीड बॉल सौंपे गए। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू 1 जुलाई से 14 जुलाई तक छिन्दवाड़ा से मैहर तक की पदयात्रा पर रहेंगे। इस दौरान सांसद श्री साहू मार्ग में नगर निगम एवं स्व सहायता समूह द्वारा दिए गए 10 हजार पंचतत्व सीड बॉल का रोपण करेंगे। नगर निगम एनयूएलम के सिटी मिशन मेनेजर उमेश प्यासी ने बताया कि पंचतत्व सीड बॉल में महुआ, जामुन, अपराजिता, सिंदूर, अमलतास एवं गुलमोहर के बीजों से पंचतत्व सीड बॉल बनाए गए है। यह बीज अंकुरित होकर छायादार एवं फलदार बनेंगे।

## जनसुनवाई : अपर कलेक्टर ने लोगों की समस्याए सुन अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश





**नवभारत न्यूज**
**पांढुरना,30 जून. जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री द्वारा सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।**

जनसुनवाई में माया उम्रकर, निवासी खारी वार्ड द्वारा आवासीय आबादी पट्टा प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। जगदीश बुवाडे, निवासी नरसला द्वारा पैतृक भूखंड पर नाम दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन दिया गया। सहसराम चौधरी, निवासी संत जलाराम वार्ड, पांढुर्णा द्वारा सीमांकन संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। राजेश धुर्वे, निवासी गडुडेवानी द्वारा वनाधिकार अधिनियम- 2006 के तहत कृषि भूमि के विभागीय स्वामित्व की जांच एवं पट्टा आवंटन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

सौ. छाया अनिरुद्ध शिंदे, सभापति कृषि समिति, सौंसर द्वारा डोलामाईन खदानों में व्याप्त अनियमितताओं के संबंध में आवेदन दिया गया। सायत्रा ज्ञानेश्वर अमसीरे, निवासी ग्राम मरकावाड़ा, तहसील एवं जिला पांढुर्णा द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भर्ती आवेदन क्रमांक 350294710 पर दावा-आपत्ति क्रमांक 35010291 का शीघ्र निराकरण किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार कैलास वानखड़े, निवासी लिंगा ऐलेतीर द्वारा ग्राम पंचायत लिंगा ऐलेतीर द्वारा प्रस्ताव पारित होने के बावजूद वार्ड क्रमांक 04 एवं 05 में नाली निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने के संबंध में आवेदन दिया गया। आदित्य मोहतकर, निवासी सावळी मोहतकर, तहसील सावनेर द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से मेंढ़ बनाकर किए गए अतिक्रमण एवं खेत तक आने-जाने के रास्ते में बाधा उत्पन्न किए जाने के संबंध में तत्काल रास्ता खुलवाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। कमलेश कामड़ी, निवासी ग्राम तिगांव द्वारा किसान सम्मान निधि प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया।

इसके अतिरिक्त अन्य प्राप्त आवेदनों पर भी सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री मेघा शर्मा एवं सुश्री नेहा सोनी, एसडीएम श्रीमती अलका एक्का सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खंड पंचायत अधिकारी शुभाष ठाकरे का विदाई समारोह संपन्न



**नवभारत न्यूज़**
**सौसर 30 जून.जनपद पंचायत सौसर में पदस्थ खंड पंचायत अधिकारी शुभाष ठाकरे के अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।** कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी आदरणीय प्रियंक मिश्रा की प्रमुख उपस्थिति में जनपद पंचायत सौसर के सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों ने शुभाष ठाकरे के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। सीईओ श्री मिश्रा ने श्री ठाकरे के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा एवं प्रशासनिक अनुभव की प्रशंसा की और कहा कि उनके अनुभवों का लाभ विभाग को हमेशा मिलता रहेगा। विदाई समारोह में श्री ठाकरे को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। भावुक माहौल में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सौसर जनपद में मिला स्नेह और सहयोग सदैव अविस्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

## नपा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेताओं तथा पार्षदों ने बैठक में मंथन कर बनाई रणनीति



**नवभारत न्यूज**
**पांढुरना,30 जून.**हाला कि अभी नगर पालिका चुनाव को लगभग एक वर्ष शेष है,लेकिन प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस नगर पालिका की सत्ता पर काबिज होने को लेकर अभी से सक्रिय नजर आने लगी है,मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक में नपा के पार्षदों तथा कांग्रेस नेताओं ने विचार विमर्श बाद रणनीति बनाई।

गौरतलब हो कि बीते नगर पालिका चुनाव में नगरवासियों ने भारी बहुमतों से कांग्रेसी पार्षदों को विजयी बनाने के कारण ही वर्षों बाद पूर्ण बहुमत से नपा में कांग्रेस सत्ता पर काबिज हुई थी,लेकिन नपा अध्यक्ष संदीप घाटोड़े ने अपने समर्थक पार्षदों के साथ कांग्रेस का अलविदा कहते हुए भाजपा में शामिल होने से नपा में कांग्रेस अल्पमत में आ गई है,और अब नपा में 30 में से 19 भाजपा के तो महज 11 कांग्रेस के पार्षद है।

वहीं कांग्रेसियों द्वारा अब फिर से नगर पालिका में कांग्रेस पूर्ण बहुमत से काबिज होने से अभी से तैयारियों में जूट गई है,इसी बात को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस पार्षदों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई,जिसमें लगभग सभी कांग्रेसी पार्षदों के साथ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जतन उइके,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जंयत घोड़े,देवकांत मांडोगड़े आदि कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

इस अवसर पर आगामी नगर पालिका चुनाव को लेकर विचार विर्मश बाद चुनाव को लेकर नगर के 30 वार्डों में मजबूत वार्ड पार्षद प्रत्याशी के चयन को लेकर चर्चा करने के साथ ही सभी कांग्रेसी पार्षदों को एकजूट होकर नगरवासियों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर नपा में आवाज बूलंद करने की बात पर भी जोर दिया गया । इस बैठक में नपा उपाध्यक्ष ताहिर अहमद पटेल, नपा के प्रतिपक्ष नेता सुरेश सुरजुसे, श्रीमती बांबल, श्रीमती नीतु राठौर, सुश्री चंदा देशभ्रतार, रूदेश जसुतकर,संदीप बनाइत, प्रमोद बांबल, किशोर धोटे, संजय राठौर, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### दिवंगत को सांसद बंटी विवेक साहू ने अर्पित की श्रध्दांजलि

छिंदवाड़ा। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मित्रवत भाव रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू ने मंगलवार को अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच अमरवाड़ा ग्रामीण मंडल के ग्राम चारगांव में भाजपा नेता श्याम चंद्रवंशी के पिता स्वर्गीय कमल चंद्रवंशी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस दौरान सांसद श्री साहू ने स्वर्गीय कमल चंद्रवंशी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भगवान से प्रार्थना की है कि वे स्वर्गीय कमल चंद्रवंशी की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देते हुए मोक्ष प्रदान करें, साथ ही शोकाकुल परिवारजनों को इस दुखः को सहन करने की शक्ति दे।

## जिलेवासियों को मुलभूत सुविधाओं दिलाने वरिष्ठ नागरिक मंच राज्यपाल,मुख्यमंत्री से लगाएंगे गुहार

**पांढुरना,30 जून .**जिलेवासियों को मुलभूत सुविधाओं उपलब्ध कराने के मांग को लेकर वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा महामहिम राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे,बीते दिनों संगठन की हुई महत्वपूर्ण बैठक में इन विषयों को लेकर हुई चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया ।वरिष्ठ नागरिक मंच की बीते दिवस नगर के जलाराम वार्ड स्थित कार्यालय में संगठन के जिला अध्यक्ष रत्नाकर कामडे की अध्यक्षता तथा पदाधिकारी एवं सदस्यों की गरिमामयी उपस्थित में संपन्न हुई बैठक में की गई विशेष चर्चा में पांढुरना विधानसभा क्षेत्र की सबसे प्रमुख पेयजल तथा सिंचाई के लिए यहां कोई भी बड़े जलाशय नहीं होने से यह क्षेत्र सबसे पिछडा हुआ है,इसलिए शिघ्र से शिघ्र प्रस्तावित भूलि जलाशय का निर्माण कार्य शुरू कराने तथा क्षेत्र से होकर प्रवाहित होने वाली वर्धा नदी पर भी जलाशय बनाने,जिले के नांदनवाडी उपतहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा देंने,पांढुरना जिले की सीमाओं का विस्तार कर बैतूल जिले की मुलताई तथा प्रभात पट्टन का पांढुरना जिले में जोडने,नगर जिला मुख्यालय में वर्षों पुरानी नगर पालिका स्कूल को बंद नहीं कर इसका पूर्ववत सुचारू रूप से संचालन कराने,नगरीय सीमा से लगे ग्राम तिगांव,सिवनी तथा बड़चिचोली को नगर परिषद बनाने,नगर जिला मुख्यालय में इंजीनियरिंग तथा मेडिकल कांलेज शुरू कराने,नगर के रेलवे स्टेशन पर पूर्ववत सभी एक्सप्रेस ट्रेनों को फिर से शुरू कराने,पांढुरना जिले को जबलपुर के स्थान पर नर्मदापुरम संभाग में जोडने,पांढुरना नगर पालिका सीमा का विस्तार कर नगरीय सीमा से पांच किलों मिटर के दायर में आने वाले ग्रामों को पांढुरना नगर पालिका में जोडने,पांढुरना नगर में बड़े उद्योग,फैक्ट्रियां शुरू कराने जिससे यहां के बेरोजगारों को रोजगार मिलने के साथ ही क्षेत्र की आर्थिक स्थित मजबूत हो सकेंगी,वहीं नगर के मध्य से होकर गुजरने वाले प्रमुख पांढुरना अमरावती मार्ग के लिए रिंग रोड़ बनाने आदि मांगों को लेकर विचार विर्मश कर शीघ्र ही इन सभी उक्त मांगों को लेकर महामहिम राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा ज्ञापन सौपेंगे ।इस बैठक में प्रमुख रूप से संगठन के अध्यक्ष रत्नाकर कामड़े,तानबाजी बारंगे,जनकलाल मोरे,शामराव दुफारे,इंद्रनारायण पांड़े ,शेखर लव्हाले,रामदास जुमड़े,अनंता तायवाड़े,रमेश कुमार काले,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 415 कार्य पूर्ण

**नवभारत न्यूज**
**पांढुरना,30 जून.** जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन समापन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे की अध्यक्षता तथा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, नगर पालिका उपाध्यक्ष ताहिर अहमद पटेल , नगर पालिका के सभापति, पार्षद, सरपंच, सचिव एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संदीप घाटोडे ने अपने संबोधन में जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया तथा जल संरक्षण को जनभागीदारी से सफल बनाने का आह्वान किया गया। अभियान के दौरान जिले में जल गंगा संरचनाओं का संवर्धन एवं अतिक्रमण हटाने के कार्यों के साथ 52 नाले-नालियों की सफाई, 82 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण एवं स्थापना, 43 पाइपलाइन सुधार एवं मरम्मत कार्य, 143 बिना टोटी वाले सार्वजनिक नलों में टोटी लगाने तथा 95 अन्य गतिविधियों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया। इस प्रकार अभियान के अंतर्गत जिले में अब तक कुल 415 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। अभियान का उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण, जल स्रोतों का पुनर्जीवन, पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है ।कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई।

### निधन

**सौंसर.** रंगारी ढोका निवासी योगेश विठ्ठलराव ठाकरे के बड़े पुत्र आदित्य ठाकरे का आज हार्ट अटैक आने से



नागपुर के प्लेंटीना हास्पिटल में दुखद निधन हुआ है। उनका अंतिम संस्कारआज शाम को ग्राम के कन्हान नदी पवित्रघाट पर किया गया ।उनकी अंतिम यात्रा में नाते रिश्तेदार सामाजिक राजनीति लोगो ने पहुंचकर श्रधांजलि दी।आदित्य की उम्र मात्र 24 वर्ष थीं।आदित्य की एक वर्ष पूर्व ही? शादी हुई है।वें अपने पीछे पत्नी,एक छोटा भाई और माता पिता छोड़ गए।

## पूर्व शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से की भेंट

### जनसमस्याओं को लेकर की चर्चा



**नवभारत न्यूज**
**सौसर 30 जून. क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण को लेकर पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री नाना भाऊ मोहोड के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ से मुलाकात की।**

इस मौके पर मोहगांव नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप घाटोंडे और पूर्व मंडल मोर्चा अध्यक्ष मनोज कलंबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास और आमजन से जुड़े कई मुद्दों पर कलेक्टर से विस्तार से चर्चा की गई।

### इन प्रमुख मुद्दों पर हुआ ध्यानाकर्षण

नगर के भूमिहीन और पात्र परिवारों को जल्द से जल्द आवासीय पट्टे आवंटित करने की मांग की गई, ताकि उन्हें उनका मालिकाना हक मिल सके। इसके अलावा गीता भवन के जीर्णोद्धार और नगर परिषद के नए भवन के निर्माण कार्य में आ रही अड़चनों को दूर कर काम में तेजी लाने का आग्रह किया गया। साथ ही नगर की साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी अन्य स्थानीय समस्याओं से भी कलेक्टर को अवगत कराया गया। नप .अध्यक्ष घाटोंडे ने बताया कि चर्चा के दौरान कलेक्टर वशिष्ठ ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और नियमों के तहत इन समस्याओं का जल्द से जल्द सकारात्मक निराकरण करने का आश्वासन दिया।

## स्वं .श्रद्धेय मारोतराव खवसे का आज मनाएंगे जन्म जयंती समारोह



**पांढुरना,30 जून .**पूर्व विधायक,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष स्व .श्रद्धेय मारोतराव खवसे की जन्म जयंती पर 1 जुलाई को स्मरण दिवस के अवसर पर नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया है,जिसमें पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री,छिंदवाड़ा भाजपा जिला अध्यक्ष,पांढुरना भाजपा जिला अध्यक्ष,नगर पालिका अध्यक्ष,चौरई के पूर्व विधायक सहित अनेक गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे ।नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 1 जुलाई को दोपहर 2 :30 बजे पूर्व विधायक,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष स्व .श्रद्धेय मारोतराव खवसे के जन्म जयंती पर स्मरण दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा,इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री नानाभाऊ मोहोड़,मुख्य अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा भाजपा जिला संगठन के अध्यक्ष शेषराव यादव,विशेष उपस्थिति में चौरई के पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे,पांढुरना भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड,पांढुरना नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े,अधिवक्ता एम .एम . पुरी,सहित नगर तथा जिले के गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।